**संख्या ए.12011/05/2019-प्रशासन (VI)**
**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**(प्रशासन प्रभाग)**
***

दिनांक: 14 जून 2023

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय :- आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में सीसीएस (आरपी) नियमावली 2016 के लेवल-11 में पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के पद को संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति/पदोन्नति आधार) पर भरना।**

आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में सीसीएस (आरपी) नियमावली 2016 के लेवल 11 में पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के एक पद को संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति/पदोन्नति) पर भरने का प्रस्ताव है।

2. **पात्रता शर्तें: (i) संयुक्त पद्धति: - प्रतिनियुक्ति / पदोन्नति -**
केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों के अधीन अधिकारी,-

**(क)**(i) नियमित आधार पर सदृश या समतुल्य पद धारित करते हों; **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल -9 या लेवल -10 या समतुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा हों; **अथवा**

(iii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल -8 या समतुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में छः वर्ष की सेवा हों; **अथवा**

(iv) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल -7 या समतुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में सात वर्ष की नियमित सेवा हो; **और**

**(ख)** निम्नानुसार निर्धारित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव प्राप्त हों:

**अनिवार्य**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री; और

संतोष कुमार
14.6.23

(ii) केंद्र या राज्य सरकार या स्वायत्त या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान के अधीन किसी पुस्तकालय में पांच वर्ष का व्यावसायिक अनुभव;

**ख. वांछनीय**

(i) केंद्र या राज्य सरकार या स्वायत्त या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान के अधीन पुस्तकालय में पुस्तकालय कार्यकलापों को कम्प्यूटरीकृत करने का एक वर्ष का अनुभव।

(ii) पुस्तकालय अभिलेख के डिजिटलीकरण में एक वर्ष का व्यावसायिक अनुभव।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कंप्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा।

**टिप्पणी 1:** बाहर के उम्मीदवारों के साथ-साथ ऐसे उम्मीदवारों पर भी विचार किया जाएगा जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर 7 में विभागीय सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के पद पर ग्रेड में सात वर्ष की नियमित सेवा की हो और प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित शैक्षणिक अहर्ताएं और अनुभव रखते हों। यदि विभागीय अभ्यर्थी को पद पर नियुक्ति के लिए चुना जाता है, तो इसे पदोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।

**टिप्पणी 2:** इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी संगठन में या केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्य रूप से चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. <u>यूपीएससी के साथ परामर्श</u>

प्रत्येक अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

4. ऐसे पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन, जिन्हें चयन के पश्चात् तत्काल कार्य मुक्त किया जा सकता है, निर्धारित प्रोफार्मा **(अनुबंध-I)** में जीवन-वृत एवं अग्रेषण प्राधिकारी से प्रमाण पत्र (प्रोफार्मा **अनुबंध -II** में) के साथ-साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करते हुए भेजे जाने चाहिए:

संतोष कुमार
14.6.23

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र

(ii) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी/लघु शास्ति, यदि कोई हों, का विवरण; (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो 'शून्य' प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए)

(iii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र।

(iv) पिछले पांच वर्षों के लिए एपीएआरएस की सत्यापित फोटोकॉपी (प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा सत्यापित)

(v) रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर प्रत्येक अभ्यर्थी के संबंध में कैडर अनापत्ति श्री संतोष कुमार, अवर सचिव (प्रशासन VI), कमरा नंबर 230, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली -110001 को अलग से अग्रेषित कर दी जाए। **उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए गए आवेदन या अपेक्षित प्रमाण पत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

5. इस पद के लिए आवेदन करने वाले को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

संतोष कुमार
14.6.23

(संतोष कुमार)
अवर सचिव भारत सरकार
011-2309 5770

**प्रति:**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (संलग्न सूची के अनुसार)।
2. राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान सचिव, विश्वविद्यालय संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरणों/स्वायत्त संगठनों को इस रिक्ति परिपत्र का व्यापक प्रसार करने के अनुरोध के साथ।
3. महाप्रबंधक-सह-मुख्य संपादक, रोजगार समाचार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, 7वां तल, सूचना भवन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली; **को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र (सांकेतिक) को रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित किया जाए।**
4. निदेशक (सीएस. I), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग - कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

5. राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन रफी मार्ग, नई दिल्ली -110001 - को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के लिए।

6. एनआईसी, वित्त मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, वित्त मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

संतोष कुमार
14.6.23

(संतोष कुमार)

अवर सचिव भारत सरकार

011-2309 5770

अनुबंध-I

**आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति /पदोन्नति) पर पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के पद हेतु आवेदन के लिए प्रोफार्मा**

**जीवन वृत्त प्रपत्र**

1. नाम और डाक पता (स्पष्ट अक्षरों में), टेलीफोन नंबर सहित
2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में)
3. केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि
4. शैक्षिक अहर्ता
   *(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)*

5(क) नियमित आधार पर सदृश या समकक्ष पद धारण करते हों; **अथवा**

(ख) क्या आपने वेतन मैट्रिक्स में लेवल -9 या लेवल -10 में या समतुल्य में नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में नियमित आधार पर पांच वर्ष की सेवा की है; **अथवा**

(ग) क्या आपने वेतन मैट्रिक्स में लेवल -8 या समतुल्य में नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में नियमित आधार पर छः वर्ष की सेवा की है; **अथवा**

(घ) क्या आपने वेतन मैट्रिक्स में लेवल -7 या समतुल्य में नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में नियमित आधार पर सात वर्ष की सेवा की है; **अथवा**

(ङ) क्या आपके पास निम्नलिखित शैक्षिक अहर्ता और अनुभव है, अर्थात्: -

संतोष कुमार
14.6.23

**अनिवार्य**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री; और

(ii) केंद्र या राज्य सरकार या स्वायत्त या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान के अधीन किसी पुस्तकालय में पांच साल का व्यावसायिक अनुभव;

**वांछनीय**

(i) केंद्र अथवा राज्य सरकार अथवा स्वायत्त अथवा सांविधिक संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थान के तहत किसी पुस्तकालय में पुस्तकालय गतिविधियों को कम्प्यूटरीकृत करने का एक वर्ष का अनुभव।

(ii) अभिलेखों के डिजिटलीकरण में एक वर्ष का पेशेवर अनुभव।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा

6. कालानुक्रमिक क्रम में निष्पादित कार्यों के संक्षिप्त विवरण के साथ रोजगार का विवरण (केंद्र सरकार की सेवा में प्रवेश से शुरू)। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग पत्रक संलग्न करें।

| कार्यालय/संगठन | धारित पद एवं वेतनमान/वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर | सेवा की अवधि | | मूल वेतन | नियुक्ति का स्वरूप, क्या नियमित अथवा तदर्थ/प्रतिनियुक्ति है | निष्पादित कार्यों का पद वार संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

संतोष कुमार
14.6.23

7. वर्तमान रोजगार का स्वरूप, अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायी

8. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति पर धारित है, तो कृपया बताएं
(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
(ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि
(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं

9. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन होने की तारीख का उल्लेख करें और संशोधन-पूर्व वेतन को भी इंगित करें

| दिनांक | वेतनमान (संशोधन-पूर्व) | मूल वेतन (संशोधन-पूर्व) | वेतन संशोधन की तिथि | 7 वें सीपीसी के अनुसार संशोधित मूल वेतन | 7 वें सीपीसी मैट्रिक्स में वेतन का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

10. वर्तमान में आहरित प्रति माह कुल परिलब्धियां

11. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं।
(यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)

संतोष कुमार
14.6.23

12. नाम और टेलीफोन नंबर सहित अग्रेषण प्राधिकारी का पूरा डाक पता

13. क्या अ.जा./अ.ज.जा. से संबंधित है

14. टिप्पणियां

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**कार्यालय का पूरा पता**

संतोष कुमार
14.6.23

**दूरभाषःसं.**
**ईमेल आईडी**

**दिनांक:**